## दिनांक 26/07/2022 को माननीय कुलपति जी की अध्यक्षता में सम्पन्न नैक की बैठक का कार्यवाही विवरण

आज दिनांक 26 जुलाई, 2022 को अपराहन 3:00 बजे माननीय कुलपति जी की अध्यक्षता में नैक के प्रत्यायन एवं मूल्यांकन के विषय में एक समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक में उपस्थित सदस्यों के हस्ताक्षरों का प्रपत्र संलग्न है।

- बैठक में निदेशक नैक के द्वारा उन कार्यो के सम्बन्ध में जानकारी दी गई जो कार्य पीयर टीम विजिट से पूर्व किये जाने हैं।
- माननीय कुलपति जी के द्वारा सुझाव दिया गया कि किसी विशिष्टीकृत व अनुभवी एजेन्सी के माध्यम से विश्वविद्यालय का MOCK मूल्यांकन एवं प्रत्यायन कराना समीचीन होगा जिससे कि विश्वविद्यालय को अपनी कमियों की जानकारी हो सके और पीयर टीम विजिट से पूर्व उन कमियों को दूर किया जा सके।

  कुलपति जी के सुझाव पर पर सभी सदस्यों ने सहमति प्रदान की।
- विचार-विमर्श के दौरान यह स्पष्ट हुआ कि RESEARCH FOR RESURGENCE FOUNDATION (RFRF) के साथ विश्वविद्यालय का एम0ओ0यू0 है और यह संस्था इस प्रकार का MOCK मूल्यांकन करती है। अत: इस सम्बन्ध में निर्णय लिया गया कि पीयर टीम के विश्वविद्यालय आने से पूर्व RFRF से MOCK मूल्यांकन करा लिया जाय तथा इसका व्ययभार विश्वविद्यालय द्वारा वहन किया जाय।

**(कार्यवाही: कुलसचिव/वित्त नियंत्रक/निदेशक सीका )**

उक्त के अतिरिक्त इस बैठक में निम्न अन्य निर्णय लिए गए;

1- सभी अनुभागों तथा विद्याशाखाओं के द्वारा अपनी गतिविधियों एवं उपलब्धियों की PPT तैयार कर (पूर्व में प्रेषित नमूने के अनुरूप) प्रस्तुत की जाय जिसे निम्न सदस्यों के द्वारा देखा जायेगा तथा इसमें सुधार कराये जायेंगे ;

| | |
|---|---|
| 1) प्रोफेसर गिरिजा पाण्डे | संयोजक |
| 2) डॉ एम0एम0 जोशी | सदस्य |
| 3) डॉ आशुतोष भट्ट | सदस्य |

**(कार्यवाही: प्रोफेसर गिरिजा प्रसाद पाण्डे)**

2- यह निर्णय लिया गया कि कुलपति जी की ओर से नैक को एक पत्र भेजा जाय। इस पत्र में पर्वतीय क्षेत्रों में बारिश की भयावह स्थिति व विश्वविद्यालय की परीक्षाओं का संदर्भ देते हुए नैक की पीयर टीम विजिट सितम्बर में प्रस्तावित करने का अनुरोध किया जाए।

ह0 28/7/22

**(कार्यवाही: टीम सीका)**

3- विश्वविद्यालय के नव निर्मित भवन में कक्ष संख्या- 238 सीका को आबंटित किया जायेगा तथा इसमें उपयुक्त फर्निशिंग्स, फिटिंग्स व उपकरणों की व्यवस्था की जायेगी।

**(कार्यवाही: कुलसचिव)**

4- मरम्मत तथा अनुरक्षण की मद में किये जाने वाले कार्यो के प्रति सहमति व्यक्त की गई तथा इन कार्यो को प्राथमिकता के आधार पर कराये जाने के निर्देश दिए गए।इन कार्यों का विवरण निम्नवत है ;

1) विश्वविद्यालय भवन में एक सी नाम पट्टिकाऐं और निदेशकों इत्यादि के कक्षों में Honors' Boards लगाए जाने हैं। यह कार्य निदेशक सीका के परामर्श से कराया जायेगा।
2) विश्वविद्यालय के लोकेशन मैप तथा मिशन, विज़न इत्यादि को फ्लैक्सी में बनाकर गेट पर तथा अन्दर की ओर दो स्थानों पर लगाया जायेगा।
3) विश्वविद्यालय के सभी लॉन, पौधों व बगीचों का सौंदर्यीकरण प्रारम्भ कर दिया जाए जिससे समय रहते यह कार्य पूरा किया जा सकें।
4) जल संचयन तथा अपशिष्ट प्रबन्ध की व्यवस्था को उत्तम व आकर्षक बनाया जाए जिससे कि ये व्यवस्थाऐं दिखाये जाने योग्य हो सके।
5) पुस्तकालय प्रस्तुति के योग्य बनाया जाए।
6) प्रसाधन गृहों की सफाई एवं इनका अनुरक्षण उत्तम कोटि का होना चाहिए। इस हेतु निर्णय लिया गया कि यह कार्य बाहय संस्था को आउटसोर्स कर दिया जाए तथा विश्वविद्यालय में कार्यरत पर्यावरण मित्रों को किसी अन्य कार्य में नियोजित किया जाए।
7) प्री फेब्रिकेटड ढ़ाचे से बने पुराने भवन की मरम्मत कराई जाए तथा इसे प्रस्तुति के योग्य बनाया जाए।
8) शिक्षार्थी सहायता पटल को उत्तम प्रकार का बनाया जाए जिससे कि यह प्रस्तुति के योग्य हो सके।
9) मुख्य भवन की गैलरी में रखी एम0पी0डी0डी0 की पुस्तकों को हटाकर आंतरिक भाग में रखा जाए व गैलरी में मरम्मत व पुताई का कार्य करा लिया जाए। बाहर की मरम्मत व पुताई बाद में कराई जा सकती है।
10) NAAC प्रत्यायन से सम्बन्धित अन्य आवश्यक कार्य समय से पूर्व करा लिये जायें।

उक्त कार्यो में पुस्तकालय, हेल्प डेस्क तथा सीका के कक्ष को बनाने व आंतरिक सज्जा के कार्य हेत किसी आंतरिक सज्जा विशेषज्ञ से परामर्श लिए जाने पर भी सहमति हुई।

**(कार्यवाही: श्री बृजेश बनकोटी व श्री भरत नैनवाल)**

5- अन्य प्रशासनिक कार्यो के सम्बन्ध में चर्चा की गई तथा इन कार्यो को कुलसचिव महोदय के स्तर से प्रशासनिक व्यवस्था सुनिश्चित कर कराये जाने के बारे में निर्णय लिया गया। इन कार्यो का विवरण निम्नवत है;

1) सभी अध्यापकों के बैठने की उचित व्यवस्था सुनिश्चित किया जाना तथा इस हेतु फर्नीचर इत्यादि की व्यवस्था किया जाना।

28/7/22

2) CISCO लैब में वर्तमान में बैठ रहे शिक्षकों की बैठने की अन्यत्र व्यवस्था किया जाना जिससे कि लैब की मरम्मत करा कर और नई मशीनें लगा कर पीयर टीम के आगमन के समय प्रस्तुति योग्य बनाया जा सके।

3) पुराने फाईल कवर बदल कर नये फाईल कवर लगाये जॉए।

4) क्रेश की सुविधा को चालू किया जाना।

5) पार्किंग की सुविधा का बेहतर प्रबन्ध किया जाना जिससे कि पार्किंग को अच्छा बनाया जा सके।

6) विश्वविद्यालय में किसी बैंक का ए0टी0एम0 काउन्टर लगवाया जाना।

7) पीयर टीम को दिखाने के लिए एस0एल0एम0 की छोटी पुस्तिकाएं बनवाना जो कि ओ0डी0एल0 व्यवस्था के अन्तर्गत प्रयुक्त होती हैं।

8) भवन की गैलरियों में रखी पुस्तकों को हटवाया जाना।

**(कुलसचिव/वित्त नियंत्रक/ श्री धीरज उपाध्याय)**

6- आई0सी0टी0 से सम्बन्धित कार्यो के बारे में चर्चा हुई तथा इन कार्यो के प्रस्ताव डॉ जितेन्द्र पाण्डे के माध्यम से प्रस्तुत किये जाने पर सहमति हुई। इन कार्यो का विवरण निम्नवत है;

1) वेबसाइट का उच्चीकरण,पीपुल सेक्शन और HRIS को ठीक किया जाना।

2) CISCO लैब के स्थान पर विश्वविद्यालय की बहुउद्देशीय Computer Lab बनाऐ जाने का प्रस्ताव प्रस्तुत किया जाना।

3) विश्वविद्यालय की वीडियो फिल्म के सम्बन्ध में आवश्यक कार्यवाही कर फिल्म को अन्तिम रूप दिया जाना।

4) विश्वविद्यालय में KIOSK को चालू किया जाना।

5) विश्वविद्यालय का VIRTUAL TOUR बनाया जाना व वेबसाइट पर अपलोड़ करना।

**(कार्यवाही: डॉ जितेन्द्र पाण्डे/ कुलसचिव)**

7- आर0 एस0 डी0 से सम्बन्धित विषयों पर भी विचार किया गया तथा यह निर्णय लिया गया कि ये कार्य आर0 एस0 डी0 के माध्यम से शीघ्रातिशीघ्र पूर्ण कराये जायेगें। इन कार्यो का विवरण निम्नवत है ;

1) क्षेत्रीय केन्द्रों तथा कुछ अध्ययन केन्द्रों की VIRTUAL VISIT को बनाकर तैयार रखना।

2) स्व अध्ययन केन्द्र 16000 व 11000 की व्यवस्थाओं को बेहतर और प्रस्तुति योग्य बनाये जाने हेतु प्रस्ताव प्रस्तुत किया जाना।

3) परामर्श सत्रों की व्यवस्था का नियमित लेखा रखा जाना।

**(कार्यवाही : आर0एस0डी0/ कुलसचिव)**

28/7/22

8- सीका की आंतरिक टीम के गठन की अधिसूचना पुन: जारी की जायेगी। जिसमें पूर्व की बैठकों में लिए गये निर्णयों ( जो माननीय कुलपति जी के द्वारा अनुमोदित हैं ) के अनुरूप दो नये सदस्यों तथा तकनीकी सहायकों तथा कार्यालय सहायकों इत्यादि का उल्लेख होगा।

**(कार्यवाही: टीम सीका/ कुलसचिव)**

9- आगामी दिनों में सीका की टीम के द्वारा अवकाश के दिनों में कार्य करने की दशा में उन्हें प्रतिकर अवकाश देय होगा तथा ऐसे सदस्य इस प्रतिकर अवकाश का उपभोग पीयर टीम विजिट के बाद दिनांक 31/12/2022 तक कर सकेंगे।

**(कार्यवाही: टीम सीका/ कुलसचिव)**

10-सांस्कृतिक गतिविधियों के आयोजन के लिए डॉ द्विजेश उपाध्याय को कार्य योजना बनाए जाने हेतु नामित किया गया।

**(कार्यवाही: टीम सीका/ श्री द्विजेश उपाध्याय)**

11-यह भी निर्णय लिया गया कि कृत कार्यवाही के मूल्यांकन हेतु इसी प्रकार की समीक्षा बैठकें समय-समय पर (प्रति दस दिनों में न्यूनतम एक बार) अवश्य ही आयोजित की जायेंगी।

**(कार्यवाही: टीम सीका)**

उक्त समस्त निर्णय सर्व-सम्मति से पारित कर तथा माननीय कुलपति जी के प्रति धन्यवाद ज्ञापित कर यह बैठक सम्पन्न हुई।

28/7/22
(प्रोफेसर आर0सी0 मिश्र)
निदेशक, सीका

28/7/2022
(प्रोफेसर गिरिजा पाण्डे)
उप-निदेशक, सीका

(प्रोफेसर पी0डी0 पंत)
कुलसचिव

28/07/2022
(डॉ0 गगन सिंह)
सदस्य, सीका

(डॉ0 सुमित प्रसाद)
सदस्य, सीका

(श्रीमती आभा गर्खाल)
वित्त नियंत्रक

(श्री विमल कुमार मिश्र)
उपकुलसचिव

(श्री भरत नैनवाल)
सह प्रभारी, अनुरक्षण

प्रतिहस्ताक्षरित

(माननीय कुलपति जी)